कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

क्रमांक जी0बी0/5 (वि–10) 2019–20/1922 भोपाल, दिनांक 28.8.2019

## निविदा सूचना

शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर, एवं रीवा स्थित मुद्रणालयों में वर्ष 2019–20 में एकत्रित कागज की रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस के विक्रय हेतु आई.टी.विभाग की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर निविदा दिनांक 12–9–2019 अपराह्न 5:00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजो की हार्डकापी, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 13–9–2019 अपराह्न 2:00 बजे तक प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं हार्ड कापी के लिफाफो को दिनांक 13–9–2019 अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष डाउनलोड किया जायेगा एवं हार्ड कापी के लिफाफो को खोला जायेगा। निविदाकार की अनुपस्थिति में उपस्थित हुए प्रतिनिधि को अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. निविदा विज्ञप्ति एवं शर्तो को अवलोकन हेतु शासकीय प्रेस की www.govtpressmp.nic.in में रखा गया है।

4. सूचना/संशोधन या सुधार की स्थिति में जानकारी आई.टी. विभाग की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
म.प्र. भोपाल

# निविदा हेतु निर्धारित समय एवं तिथि

| | |
|---|---|
| 1. ऑनलाईन निविदा कय करने की अंतिम तिथि | 12—9—2019 समय अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 2. ऑनलाईन निविदा भरे जाने की अंतिम तिथि | 12—9—2019 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक |
| 3. ऑनलाईन में निविदा की हार्डकापी जमा करने की अंतिम तिथि | 13—9—2019 समय अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 4. ऑनलाईन तकनीकी भाग खोलने की अंतिम तिथि | 13—9—2019 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| 5. ऑनलाइन कामर्शियल भाग खोलने की अंतिम तिथि | 17—9—2019 समय अपरान्ह 2:00 बजे तक |

1. शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल एवं क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर, इन्दौर एवं रीवा की वर्ष 2019–20 की एकत्रित कागज की रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस के विक्रय हेतु आई.टी.विभाग की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ईच्छुक निविदाकारों से, जिनका उक्त कार्य करने का अनुभव हो एवं जिन्होने विगत वर्षो में 25 लाख रूपये का टर्न ओवर किया हो से पृथक पृथक प्रेसवार सामग्री क्रय हेतु प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित की आनलाईन निविदा से की–डेट्स अनुसार दिनांक 12–9–2019 अपराह्न 5:00 बजे तक दरें आमंत्रित की जाती हैं।

## तकनीकि निविदा की अनिवार्य अर्हताएः–

1.1 निविदा प्रपत्र रूपये 1,000=00 प्रोसेसिंग फीस एवं कर अतिरिक्त का भुगतान ऑनलाईन **विभागीय मद 0058–00–800–0000** किया जाकर निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकेगा।

1.2 ई.एम.डी. राशि रूपये 30,000=00 ऑनलाईन **विभागीय मद 0058–00–800–0000** में जमा करना होगी एवं प्रमाण स्वरूप आन लाईन जमा राशि का अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।

1.3 वर्ष 2018–19 का जी.एस.टी. क्लीयरेंस प्रमाण–पत्र एवं पंजीयन नम्बर की छायाप्रति ।

1.4 नियम एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप निविदाकार के हस्ताक्षर ,एवं रबर सील लगाकर प्रस्तुत करना होगा।

1.5 निविदाकर्ता फर्म स्थापित होने संबंधी पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति।

1.6 निविदाकर्ता फर्म के मालिक/पार्टनर का नाम एवं पूर्ण पता।

1.7 निविदाकार फर्म के पेन कार्ड की प्रमाणित प्रति।

1.8 रद्दी कतरन उठाने के अनुभव स्वरूप कार्यादेश की प्रमाणित प्रति।

1.9 निविदाकर्ता फर्म के लेटर हेड पर इस आशय का प्रमाण–पत्र भी संलग्न करें कि "किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा निविदाकार फर्म का नाम काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में नहीं डाला गया है।

1.10 निविदाकार फर्म के लेटर हेड पर फर्म का पूर्ण पता, पिन कोड, दूरभाष, ई–मेंल एड्रेस प्रस्तुत करना होगा।

1.11 अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के नाम एवं प्रमाणित नमूना. हस्ताक्षर।

1.12 1.12 टर्न ओवर के संबंध में सी.ए. द्वारा प्रमाणित दस्तावेज।

**(उपरोक्त 1.2 से 1.12 तक के समस्त दस्तावेजों को निविदाकर्ता फर्म द्वारा ऑनलाईन अपलोड करना होगा एवं सत्यापित कर हार्डकापी के लिफाफें में भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी। )**

# नियम एवं शर्तें

1. शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल एवं क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर, इन्दौर एवं रीवा की वर्ष 2019–20 की एकत्रित कागज की रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस के विक्रय हेतु आई.टी.विभाग की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ईच्छुक निविदाकारों से जिनका उक्त कार्य करने का अनुभव हो एवं जिन्होने विगत वर्षो में 25 लाख रूपये का टर्न ओवर किया हो से पृथक पृथक प्रेसवार सामग्री क्रय हेतु प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित की आनलाईन निविदा से की–डेट्स अनुसार दिनांक 12–9–2019 अपराह्न 5:00 बजे तक दरें आमंत्रित की जाती हैं।

2. निविदा सीलबंद लिफाफे में जिस पर रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस के विक्रय, प्रेस का नाम, भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा प्रेस के लिए निविदा'' शब्द अंकित हो, की हार्ड कॉपी नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल को की–डेट्स अनुसार दिनांक 13–9–2019 को नियत समय 2:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

4. तकनीकी निविदा में निविदाकारों द्वारा सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत हार्डकापी एवं ऑनलाईन निविदा दिनांक 13–9–2019 को अपरांह 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा, अधिकृत प्रतिनिधि को फर्म द्वारा जारी अधिकार पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

5. कार्यालय में प्राप्त हार्डकापी एवं ऑनलाइन तकनीकी भाग में सफल निविदाकारों का कामर्शियल भाग दिनांक 17–9–2019 को, की–डेट्स अनुसार अपरान्ह 2:00 बजे ऑनलाइन डाउनलोड किया जावेगा।

6. निविदा स्वीकृत कर अनुबंध करने की सूचना भेजे जाने पर तीन कार्य दिवस के अंदर प्रतिभूति की राशि जमा कर अनुबंध निष्पादित करना अनिवार्य होगा ऐसा ना करने की स्थिति में टेण्डर डिपॉजिट की राशि राजसात कर एच–2 निविदाकार को अवसर दिया जावेगा। बकाया हानि की वसूली डिफाल्टर निविदाकार से की जावेगी, साथ ही डिफाल्टर निविदाकार को आगामी तीन वर्ष तक शासकीय मुद्रणालयों की निविदा में भाग लेने से वंचित किया जा सकेगा।

7. सफल निविदाकारों को मुद्रणालयवार प्रतिभूति राशि नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में राष्ट्रीयकृत/अनुसूचि बैंक के 12 माह की अवधि का एफ. डी. आर. तैयार कर एक वर्ष के लिए अनुबंध निष्पादन करना होगा, जो निम्नानुसार होगा:–

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|
| 1. | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल | 1,00,000=00 |
| 2. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर | 75,000=00 |
| 3. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर | 50,000=00 |
| 4. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 50,000=00 |

8. गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् भी निविदा शर्तों के अंतर्गत सामग्री उठाने में असफल निविदाकार/फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा विचार में नहीं ली जावेगी।

9. जी.एस.टी. सहित अन्य सभी कर जमा करने का उत्तरदायित्व निविदाकार का होगा। अंकित किये गये भाव के अतिरिक्त यह नियमानुसार देना होगा।

10. सफल निविदाकार को मुद्रणालय में एकत्रित रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस के विक्रय के अनुबंध निष्पादन उपरांत प्रत्येक माह में एक या अधिक बार निर्धारित की गई तिथि पर या सूचना देने पर उपरोक्त सामग्री उठाना अनिवार्य होगा। वर्ष 2019–20 के लिए प्रत्येक माह में 4 से 6 टन रद्दी कतरन एकत्रित होने पर उप नियंत्रक द्वारा सामग्री उठाने की तिथि निर्धारित कर अवगत कराया जायेगा एवं अनुबंधित फर्म को सामग्री उठानी होगी। रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस न उठाने की स्थिति में नियंत्रक द्वारा अनुबंध आदेश निरस्त किया जावेगा। नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल द्वारा पृथक से शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

11. वर्ष 2019–20 की समस्त रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस जो दिनांक 31.3.2020 तक एकत्रित होंगी उन्हे दिनांक 5–4–2020 तक अनिवार्यतः उठाना होगा।

12. वर्ष 2019–20 की समस्त रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस उठाने का प्रमाण–पत्र कार्यालय उप नियंत्रक, शासकीय मुद्रणालय, भोपाल/ग्वालियर/इन्दौर/रीवा, से प्राप्त होने पर और अनुबंध में दी गई शर्तों के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत न होने पर ही प्रतिभूति की धनराशि नियंत्रक की स्वीकृति उपरान्त वापिस की जावेगी अन्यथा शर्त क्रमांक–10 के उल्लंघन पर पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।

13. अनुबन्ध निष्पादित करने वाले निविदाकार इस निविदा के अंतर्गत ठेके को उप भाड़े पर नहीं देगा अथवा कार्य या उसका कोई भाग हस्तांतरित/अधिकृत नहीं करेगा और न ही अनुबंध के अधीन किसी को भुगतान हेतु अधिकृत करेगा।

14. निविदा का प्रेषण इस बात का प्रमाण समझा जावेगा कि निविदाकर्ता को निविदा में निबद्ध समस्त शर्तें और प्रतिबंध मान्य हैं। निविदाकार फर्म द्वारा दी गई शर्ते मान्य नहीं होगी।

15. पुरानी सुरक्षा निधि/प्रतिभूति राशि यदि इस कार्यालय में जमा हो तो वह इस निविदा के अंतर्गत मान्य नहीं होगी।

16. रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस की तौल, सफल निविदाकार को अपने मजदूर लगाकर अपने ट्रक में जहाँ है जैसी है को भरवाकर ट्रक की तौल समिति के सदस्यों की उपस्थिति में धर्मकांटे पर करवानी होगी। खाली ट्रक का वजन जिस धर्मकांटे पर किया जावेगा उसी धर्मकांटे पर भरे ट्रक का वजन किया जावेगा। भरे ट्रक के वजन से खाली ट्रक का वजन घटाने से प्राप्त रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस का वजन ही मान्य किया जायेगा।

17 अनुबंध कर्ता फर्म को रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस जो मुद्रणालय में उपलब्ध होंगे जहाँ है, जैसे हैं उस हालत में उठाने होंगे। ट्रक जिस दिन आयेगा ,उसी दिन अनिवार्यतः बाहर जायेगा ,तथा कार्यालयीन समय में ही विक्रय किया जायेगा। रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस को श्रेणीकरण करने या छँटाई आदि हेतु शासकीय मुद्रणालय का परिसर प्रयोग नही किया जायेगा ऐसा करने पर रूपये 10,000 (दस हजार रूपये) प्रतिदिन की शास्ति अधिरोपित की जावेगी एवं उपरोक्त सामग्री फैलाये जाने की स्थिति में सफाई का उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का ही होगा।

18. किसी भी परिस्थिति में समय वृद्धि नही की जायेगी ।

19. रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस के अतिरिक्त शासकीय मुद्रणालय की अन्य किसी भी वस्तु को हाथ नहीं लगाया जायेगा।

20. रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस उठाने हेतु प्रतिदिन संबंधित कार्यालयों को सूचित कर अनुमति तथा पास लेना होगा।

21. नियंत्रक को किसी भी निविदा को मान्य करने या अमान्य करने का पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिये कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

22. रद्दी कतरन, रील कोर के खाली गुटको एवं उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस के विक्रय की निविदा शर्तों अथवा प्रक्रिया के संबंध में विवाद उत्पन्न होने पर नियंत्रक का निर्णय अंतिम होगा एवं उक्त निर्णय निविदाकार को मान्य करना बंधनकारी होगा।

23. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल होगा ।

नोट :—निविदाकार शर्तो पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल।

## कामर्शियल दर पत्रक

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |
| | | 3–उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस | |

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |
| | | 3–उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस | |

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय,इन्दौर | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |
| | | 3–उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस | |

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | सामग्री का विवरण | दर प्रति किलो ग्राम समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 1– रद्दी कतरन | |
| | | 2– रील कोर के खाली गुटके | |
| | | 3–उपयोग की गई एल्यूमिनियम पी.एस.प्लेटस | |